## एशियाई चैंपियनशिप: जापानी पहलवान मुकेदा से हारीं विनेश, साक्षी गोल्ड मेडल से एक कदम दूर



साक्षी की निगाहें गोल्ड पर

रियो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडल विजेता साक्षी मलिक शुरुआती दौर में जापान की नाओमी रूइके से 1–2 से हार गई थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए दो कमजोर प्रतिद्वंद्वियों को पस्त किया और गैर ओलिंपिक 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने कोरिया की ओहयंग हा पर तकनीकी दक्षता से जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान की नाबीरा इसेनबाएवा के खिलाफ सेमीफाइनल में वह 5–0 से आगे चल रही थीं, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी ने लगातार दो अंक हासिल कर स्कोर 5–4 कर दिया। लेकिन वह इस मामूली बढ़त को अंत तक कायम रखकर जीत हासिल करने में कामयाब हुईं।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विनेश फोगाट को फिर से जापानी पहलवान मायू मुकेदा से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे वह गोल्ड मेडल की दौड़ से बाहर हो गईं जबकि साक्षी मलिक शुक्रवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में सेमीफाइनल जीतकर खिताब की दौड़ में बनी हुई हैं। विनेश को 2019 में मुकेदा से दो बार (विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप में) हार का सामना करना पड़ा था। यहां भी यही सिलसिला जारी रहा और यह भारतीय फिर से जापानी खिलाड़ी के मजबूत डिफेंस को तोड़ने में जूझती रही। शुरुआती पीरियड में विनेश ने कई बार पैर से आक्रमण करने की कोशिश की, लेकिन हर बार मुकेदा ने उनके प्रयास विफल किए और घरेलू प्रबल दावेदार पहलवान पर दबदबा बनाकर जीत हासिल की। पिछली दो भिड़ंत में विनेश 2019 की विश्व सिल्वर मेडलिस्ट के खिलाफ एक भी अंक नहीं जुटा सकी थीं, हालांकि इस बार वह उन्हें गिराकर अंक हासिल करने में सफल रहीं लेकिन 2–6 से हार गईं। अब विनेश ब्रॉन्ज मेडल के लिए वियतनाम की थि ली कियू के सामने होंगी।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 15 रनों से हरा दिया

### जीत की हीरो रहीं पूमन यादव ने 19 रन देकर 4 बड़े विकेट झटके

**वर्ल्ड कप**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। पूनम यादव (19 रन देकर चार विकेट) और शिखा पांडे (14 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को यहां कम स्कोर वाले मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से शिकस्त देकर महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद भारतीय टीम शानदार शुरुआत के बावजूद चार विकेट पर 132 रन का स्कोर ही बना सकी थी, लेकिन लेग स्पिनर पूनम यादव और मध्यम गति की गेंदबाज शिखा पांडे ने भारतीय टीम को बेहतरीन वापसी दिलाई और ऑस्ट्रेलिया को 19.5 ओवर में 115 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई।

भारतीय गेंदबाजों के दबदबे का इतना असर था कि मेजबान टीम के लिए केवल दो खिलाड़ी ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। सलामी




बल्लेबाज एलिसा हीली ने 35 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के से 51 रन की पारी खेली जबकि एशले गार्डनर ने 36 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के से 34 रन बनाए। पूनम यादव ने अपनी फिरकी का जादू बिखरते हुए हीली के अलावा राशेल हायनेस (06), एलिसा पेरी (शून्य) और जेस जोनासेन (02) के विकेट निकाले। वहीं शिखा पांडे ने बेथ मूनी, एशले गार्डनर और एनाबेल सदरलैंड को आउट किया। राजेश्वरी गायकवाड़ को भी एक विकेट मिला। भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने अंत में दो खिलाड़ियों को रन आउट किया और ऑस्ट्रेलियाई पारी को समाप्त किया।

इससे पहले 16 वर्षीय शेफाली वर्मा ने भारत को चार ओवर तक बिना विकेट गंवाए 41 रन तक पहुंचा दिया था। उन्होंने 15 गेंद में 29 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और एक छक्का जड़ा था। लेकिन उनके आउट होने के बाद पारी की लय बिगड़ गयी और अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया। दीप्ति शर्मा ने 46 गेंद में नाबाद 49 रन की संयमित पारी खेली लेकिन अंत में भारत को जिस आक्रामकता की जरूरत थी, उसकी कमी दिखायी दी।

बल्लेबाजी का न्यौता दिए जाने के बाद टीम शेफाली की पारी की बदौलत चार ओवर तक अच्छी स्थिति में थी। हालांकि बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन (24 रन देकर दो विकेट) ने तेजी से दो विकेट झटक लिए जिसमें स्मृति मंधाना (11 गेंद में 10 रन) और हरमनप्रीत कौर (पांच गेंद में दो रन) का विकेट शामिल रहा। इससे भारत का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन हो गया। दीप्ति ने फिर जेमिमा रोड्रिग्स (33 गेंद में 26 रन) के साथ 53 रन की साझेदारी निभाकर 16वें ओवर तक भारत को 100 रन तक पहुंचाया।

## टीम इंडिया की रन मशीन कोहली पर लगा ब्रेक, 19 पारियों से नहीं लगाया कोई शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंग्टन। भारतीय कप्तान विराट कोहली का न्यूजीलैंड दौरे पर खराब फॉर्म बदस्तूर जारी है। रन मशीन के नाम से चर्चित कप्तान कोहली न्यूजीलैंड के साथ खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के पहले दिन शुक्रवार को भी कुछ खास कमाल नहीं कर सके और 7 गेंदों का सामना करने के बाद केवल 2 रन बनाकर चलते बने।

भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (11) के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे कोहली जेमिसन की गेंद पर स्लिप में मुस्तैद खड़े और अपना 100वां टेस्ट मैच खेले रहे रॉस टेलर के हाथों लपके गए। 31 साल के कोहली का खराब फॉर्म यहां भी



जारी रहा। कोहली के खराब फॉर्म का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने तीनों प्रारूपों की पिछली 19 पारियों में एक भी शतक नहीं लगाया है।

कोहली ने अपना पिछला शतक पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए ऐतिहासिक दिन–रात टेस्ट मैच में लगाया था, जब उन्होंने 136 रन की शतकीय पारी खेली थी। रन मशीन कप्तान कोहली का हाल के समय में सीमित ओवरों में भी खराब फॉर्म जारी है। उन्होंने न्यूजीलैंड दौरे पर 7 पारियों में केवल 180 रन ही बनाए थे, जिसमें केवल एक अर्धशतक शामिल था। यह पहली बार नहीं है, जब कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी 2014 से लेकर अक्टूबर 2014 तक भी वे तीनों प्रारूपों की 25 पारियों में एक भी शतक नहीं लगा पाए थे।

इसमें इंग्लैंड का वह दौरा भी शामिल हैं, जहां वह पांच टेस्ट मैचों में केवल 134 रन ही बना पाए थे। इससे पहले कोहली का खराब फॉर्म फरवरी 2011 से लेकर सितंबर 2011 तक के बीच देखने को मिला था, जब उन्होंने लगातार 24 पारियों में एक भी शतक नहीं जड़ा था। कोहली ने अब तक अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 70 शतक जड़े हैं। उन्होंने 84 टेस्ट मैचों में 27 और 248 वनडे मैचों में 43 शतक लगाए हैं।

## बारिश ने धोया आखिरी सेशन, टीम इंडिया मुश्किल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के खिलाफ बेसिन रिजर्व मैदान पर खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का पहला दिन शुक्रवार भारत के लिए अच्छा नहीं रहा। दिन के शुरुआती दो सत्रों में कीवी गेंदबाजों ने भारत को परेशान किया तो दिन के तीसरे सत्र का खेल बारिश के कारण नहीं हो सका और इसी कारण भारत ने दिन का अंत पांच विकेट के नुकसान पर 122 रनों का साथ किया। उपकप्तान अजिंक्य रहाणे के जिम्मे भारतीय टीम का भार आ गया क्योंकि गेंदबाजों के मुफीद परिस्थितियों में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने भारत के ऊपरी और मध्य क्रम को सस्ते में समेट दिया। चायकाल की घोषणा होने तक भारत ने अपने पांच विकेट खोकर सिर्फ 122 रन बनाए थे। लेकिन इसके बाद बारिश आ गई और तीसरे सत्र का खेल नहीं हो सका और अंपायरों ने दिन का खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। रहाणे एक छोर पर 38 रन बनाकर खड़े हैं। उनके साथ ऋषभ पंत 10 रन बनाकर टिके हैं। रहाणे के अलावा कोई और बल्लेबाज चल सका तो वो थे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल।

## न्यूज डायरी




### विराट कोहली को आउट करने के बाद क्या बोले डेब्यू स्टार काइल जैमीसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। टेस्ट क्रिकेट में अपने पहले दिन में विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा के विकेट लेना काइल जैमीसन के लिए किसी सपने से कम नहीं था और उनका मानना है कि पिछले कुछ सप्ताह उनके लिए किसी 'ख्वाब' की तरह ही रहे हैं। न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जैमीसन ने तीन विकेट चटकाए। छह फुट आठ इंच लंबे इस गेंदबाज ने कहा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा। पिछले कुछ सप्ताह सपने जैसे रहे हैं। मैं अपने और टीम के लिए बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'कोहली बेहतरीन बल्लेबाज हैं और भारत के लिए महत्वपूर्ण भी। उनका विकेट लेना बड़ी उपलब्धि थी। शुरुआत में ही दो विकेट लेना काफी खास था।' उनकी गेंदों को मिलने वाली अतिरिक्त उछाल उनकी ताकत रही है। उन्होंने कहा, 'मैं सरलता में विश्वास रखता हूं। मेरा काम उन्हें खेलने पर मजबूर करना है और अतिरिक्त उछाल उन्हें आगे लाती है। गति, उछाल और स्विंग से काफी मदद मिल रही है जिससे मेरा काम आसान हो गया।'

### त्वेसा, अदिति और दीक्षा ने कट में प्रवेश किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बोनविले। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने खराब शुरुआत से उबरते हुए शुक्रवार को यहां ज्योफ किंग मोटर्स आस्ट्रेलियन लेडीज क्लासिक टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर चल रही हैं। हालांकि पहले दौर में उन्होंने दो ओवर 74 का कार्ड खेला था लेकिन वह कट में जगह बनाते हुए अभी तक सर्वश्रेष्ठ स्थान पर काबिज भारतीय हैं। अदिति अशोक ने दूसरे दौर में 75 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 42वें स्थान पर हैं। पहले दिन संयुक्त 57वें स्थान पर चल रही दीक्षा डागर ने इवन पार 72 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 50 के बेहतर स्थान पर पहुंच गयीं और कट में जगह बनाने में सफल रहीं जो दो ओवर का रहा। रिद्धिमा दिलावड़ी, आस्था मदान और गौरिका बिश्नोई कट से चूक गयीं।

### मनिका बत्रा ने दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी को हराया, साथियान भी जीते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बुडापेस्ट। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका बत्रा ने 2020 आईटीटीएफ विश्व टूर हंगरी ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी चेन जू यू को हराया । भारत के नंबर एक खिलाड़ी ज्ञानशेखरन साथियान ने भी दुनिया के 61वें नंबर के खिलाड़ी ईरान के नौशाद अलामियां को 4 . 0 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई । विश्व रैकिंग में 67वें स्थान पर काबिज मनिका ने 4 . 3 से जीत दर्ज की । अब उनका सामना दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी हिरानो मियू से होगा । वहीं साथियान की टक्कर दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी हारिमोतो तोमोकाजू से होगी । मनिका और शरत कमल को मिश्रित युगल सेमीफाइनल में वाकओवर मिला । अब वे जर्मनी के पैट्रिक फ्रांजिस्का और पैट्रिसा सोल्जा से खेलेंगे।

### बेसिन रिजर्व की पेचीदा पिच पर खेलना काफी कठिनः अग्रवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि बेसिन रिजर्व की पेचीदा पिच पर खेलना काफी कठिन है और यहां अपना पहला टेस्ट खेल रहे न्यूजीलैंड के काइल जेमिसन की जबर्दस्त सटीक गेंदबाजी ने भारत के बल्लेबाजों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। भारत ने बारिश से बाधित पहले दिन स्टंप्स का ऐलान होने तक 122 रन जोड़ने तक 5 विकेट गंवा दिए। अग्रवाल ने कहा, यहां हवा काफी तेज रफ्तार से बह रही है। आपको मैदान पर सही सामंजस्य बिठाना होता है। बतौर बल्लेबाज यह आसान नहीं है खासकर पहले दिन। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज को कभी महसूस नहीं होता कि आप जम चुके है। लंच के बाद भी मुश्किलें आ रही थीं। उन्होंने जेमिसन की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने शानदार गेंदबाजी की और सही दिशा में गेंद डाली। उन्होंने नई गेंद का बखूबी इस्तेमाल किया और हमें परेशान करते रहे।